# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19.9.25 | 3 | ४ |

## सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एनसीसी नामांकन प्रक्रिया संपन्न



**हिसार** | एचएयू के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एनसीसी आर्मी विंग 3 एचएआर बीएन की नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई इस चयन प्रक्रिया के दौरान एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. उर्वशी नांदल भी उपस्थित रहीं। पीआई स्टाफ सूबेदार निरपाल सिंह, हवलदार रवि शंकर भी मौजूद रहे। छात्राओं का शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा, चिकित्सीय परीक्षण एवं साक्षात्कार लिया गया। इसके अलावा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में उपभोक्ता क्लब का गठन किया गया। उपभोक्ता क्लब उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गठित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19.9.25 | 4 | 3 |

## हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एन.सी.सी.नामांकन प्रक्रिया संपन्न

हिसार, 18 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती समुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एन.सी.सी: आर्मी विंग 3 एच.ए.आर (जी) बी.एन. नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई इस चयन प्रक्रिया के दौरान ए.एन.ओ.लेफ्टिनेंट डॉ. उर्वशी नांदल भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पी.आई.स्टाफ सूबेदार निरपाल सिंह, हवलदार रवि शंकर भी मौजूद रहे।

महाविद्यालय के प्रथम वर्ष की छात्राओं ने इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। छात्राओं का शारीरिक परीक्षण, लिखित परीक्षा, चिकित्सीय परीक्षण एवं साक्षात्कार भी लिया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.9.25 | 3 | 6 |

# हकृवि में किया सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

हिसार • विज्ञप्ति : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने बताया कि यह अवसर केवल जन्म दिवस का नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और समाज कल्याण की भावनाओं को आगे बढ़ाने का है। सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर सहित कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केंद्रो में कार्यक्रम किए जाएंगे। कुलसचिव डा. पवन कुमार ने बताया कि सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.9.25 | 3 | 6 |

## एचएयू सेवा पखवाड़ा के तहत होंगे कार्यक्रम

हिसार। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि यह अवसर केवल जन्म दिन का नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और समाज कल्याण की भावनाओं को आगे बढ़ाने का है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर सहित कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केंद्रो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 19.9.25 | 4 | 4 |

## सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एनसीसी नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**हिसार**। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती समुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एनसीसी आर्मी विंग 3 एचएआर (जी) बीएन नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई इस चयन प्रक्रिया के दौरान एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. उर्वशी नांदल भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पीआई स्टाफ सूबेदार निरपाल सिंह, हवलदार रवि शंकर भी मौजूद रहे। डॉ. अतुल ढींगड़ा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रखर करती है।

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में उपभोक्ता क्लब का गठन किया गया है। उपभोक्ता क्लब उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उपभोग की आदतें विकसित करने तथा छात्रों को जिम्मेदार उपभोक्ता के रूप में सशक्त बनाने की दृष्टि से शुरू किया गया है। संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने वर्तमान समय में बढ़ते उपभोक्ता धोखाधड़ी मामलों जैसे ऑनलाइन शॉपिंग, डिजिटल लेनदेन, भ्रामक विज्ञापन और नकली उत्पादों पर अपने विचार साझा किए। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 19.9.25 | 10 | 6-8 |

# हकृवि में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित : प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार, 18 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह अवसर केवल जन्म दिवस का नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और समाज कल्याण की भावनाओं को आगे बढ़ाने का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन में सदैव सेवा ही संगठन और जन-जन की भलाई को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर सहित कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केंद्रो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में शिक्षक, ग़ैर शिक्षक कर्मचारी तथा विधार्थी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण अभियान सहित विभिन्न प्रकार के समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों, निदेशालयों, कार्यालयों और बाहरी केन्द्रों में पूर्ण तैयारी के साथ कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की जाएगी। इस दौरान विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक भी सक्रियता से कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह पहल सामाजिक जिम्मेवारी और राष्ट्र निर्माण में हमारे संकल्प को प्रकट करती है।



सेवा पखवाड़ा के दौरान कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 18.9.2025 | -- | -- |

# महाविद्यालय में एनसीसी नामांकन प्रक्रिया संपन्न



नभ-छोर न्यूज ⏭ 18 सितंबर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती समुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एनसीसी आर्मी विंग 3 एचएआर (जी) बीएन नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस चयन प्रक्रिया के दौरान एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. उर्वशी नांदल भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पीआई स्टाफ सूबेदार निरपाल सिंह, हवलदार रवि शंकर भी मौजूद रहे। डॉ. अतुल ढींगड़ा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र प्रेम की भावना को प्रखर करती है। डॉ. उर्वशी नांदल ने कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्र सेवा के इस मार्ग को अपनाकर देश के गौरव को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स एसयूओ अंजलि, यूओ गरिमा, सार्जेंट कोमल एवं भूमिका यादव ने भी अपने सक्रिय सहयोग से इस प्रक्रिया को सफल बनाने में योगदान दिया। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में उपभोक्ता क्लब का भी हुआ शुभारंभ सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में उपभोक्ता क्लब का गठन किया गया है। संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने वर्तमान समय में बढ़ते उपभोक्ता धोखाधड़ी मामलों जैसे ऑनलाइन शॉपिंग, डिजिटल लेनदेन, भ्रामक विज्ञापन और नकली उत्पादों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने शोषण से बचने के लिए उपभोक्ता जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हांसी क्रांति | 18.9.2025 | -- | -- |

## हकृवि में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित : प्रो. बी.आर. काम्बोज

**हांसी क्रांति न्यूज**

**हिसार, :** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस सेवा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि यह अवसर केवल जन्म दिवस का नहीं बल्कि सेवा, समर्पण और समाज कल्याण की भावनाओं को आगे बढ़ाने का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन में सदैव सेवा ही संगठन और जन-जन की भलाई को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर सहित कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केंद्रो में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी तथा विधार्थी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान पौधारोपण, स्व' छता अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, पोषण अभियान सहित विभिन्न प्रकार के समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों, निदेशालयों, कार्यालयों और बाहरी केन्द्रों में पूर्ण तैयारी के साथ कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की जाएगी। इस दौरान विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक भी सक्रियता से कार्यक्रम में भाग लेंगे।